# बाबा मुझे तेरा सहारा है श्याम भजन लिरिक्स

बाबा मुझे तेरा सहारा है,
एक तू ही सबका पालनहारा है,
बाबा मुझे तेरा सहारा हैं।bd।

---

दर दर भटका बहुत जहां में,
अब तेरा दरबार मिला,
तेरे दर्शन करके बाबा,
मेरे दिल को चैन मिला,
भा गया ये मुझको तेरा द्वारा है,
भा गया ये मुझको तेरा द्वारा है,
बाबा मुझे तेरा सहारा हैं।bd।

---

सुने मन की बगिया में,
अब छाई खुशहाली है,
तेरी दया से बारह महीना,
होली और दिवाली है,
तेरे नाम से चलता मेरा गुजारा है,
तेरे नाम से चलता मेरा गुजारा है,
बाबा मुझे तेरा सहारा हैं।bd।

---

और कहीं मैं अब ना जाऊं,
कसम ये हमने खाई है,
झोली मेरी खाली रह गई,
फिर तेरी रुसवाई है,
‘सागर’ कहता तू हारे का सहारा है,
‘सागर’ कहता तू हारे का सहारा है,
बाबा मुझे तेरा सहारा हैं।bd।

---

बाबा मुझे तेरा सहारा है,
एक तू ही सबका पालनहारा है,
बाबा मुझे तेरा सहारा हैं।bd।

गायक / प्रेषक – सागर सांवरिया।
**9211947046**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com